कार्यालय प्राचार्य,शासकीय नवीन विधि महाविद्यालय इन्दौर

दिनांक 04/05/2023

अति आवश्यक– सूचना

MPTASS Portal & NIC Scholarship 2.0
Fresh/Renewal SC/ST Scholarship
Awas (First & Second Installment)
Session 2021-22 Result updated

उपसंचालक अनुसूचित जाति विकास म.प्र. भोपाल के पत्र कमांक 2022–23 / शिक्षा–1 / 638 भोपाल दिनांक 02/05/2023 के परिपालन में MPTASS Portal & NIC Scholarship Portal 2.0 पर सत्र 2022–23 के (PMS/ Awas/ Fresh/Renewal) का आवेदन करने वाले अनुसूचित जाति (SC) एवं अनुसूचित जनजाति (ST) के छात्रवृत्ति एवं आवास सहायता योजना का आवेदन करने के विद्यार्थियो को सूचित किया जाता है कि जिन विद्यार्थियो ने अभी तक अपने आवेदन नही भरे है या लॉक नही कर पाये वे दिनांक 15/05/2023 तक अपने आवेदन भरकर/लॉक कर समस्त आवश्यक दस्तावेजो की स्वप्रमाणित प्रति संलग्न कर तथा कक्षा प्रभारी से हस्ताक्षर करवाकर कार्यालय में प्रस्तुत करें। **एम.पी.टॉस पोर्टल पर आवास सहायता योजना के अंतर्गत प्रथम एवं द्वितीय दो किश्तो के आवेदन होते है अतःजिन विद्यार्थियो ने प्रथम किश्त का आवेदन कर दिया किन्तु द्वितीय किश्त का नही किया है वे भी उक्त दिनांक पूर्व अपने आवेदन करना सुनिश्चित करें। ऑनलाईन आवेदन करते समय यदि कोई तकनीकि त्रुटि आती है तो उसके समाधान के लिये कार्यालय में आकर संपर्क करे तथा आवश्यकता होने पर आदिम जाति कल्याण विभाग कार्यालय इन्दौर में जाकर टिकिट जनरेट करवायें। सत्र 2021–22 में प्रवेशित जिन विद्यार्थियो के दोनो सेमेस्टर के परीक्षा परिणाम आ गये है वे तत्काल कार्यालय में आकर पर रिजल्ट अपडेट करावे तथा अपने छात्रवृत्ति/ आवास का आवेदन करना सुनिश्चित करें।**

निर्धारित अवधि के उपरांत यदि कोई विद्यार्थी छात्रवृत्ति तथा आवास सहायता योजना आवेदन नही करता है तो इसकी समस्त जिम्मेदारी संबंधित विद्यार्थी की रहेगी। इस स्थिति में यदि किसी विद्यार्थी के सी.एम हेल्पालाईन या अन्य किसी प्रकार की शिकायत की जाती है इसे संबंधित विद्यार्थी की लापरवाही मानकर उसकी जानकारी शासन एवं संबंधित विभाग की प्रेषित की जावेगी। अतः असुविधा से बचने हेतु संबंधित विद्यार्थी अपनी पात्रता के अनुसार आज ही अपने ऑनलाईन आवेदन पोर्टल पर भरकर कार्यालय में प्रस्तुत करें।

पोर्टल बंद होने की अंतिम दिनांक 15/05/2023 है।

नोट :– अन्य पिछड़ा वर्ग के अंतर्गत नवीन/नवीनीकरण का आवेदन करने वाले विद्यार्थियो को सूचित किया जाता है कि जिन विद्यार्थियो के छात्रवृत्ति के आवेदन नही हो पाये वे भी उक्त पोर्टल पर लगातार अपडेट रहे और नवीनीकरण के विद्यार्थी कार्यालय में आकर अपने रिजल्ट अपडेट करावें।

for Pawan
प्रभारी प्राचार्य,
शासकीय नवीन विधि महाविद्यालय इन्दौर

प्रभारी प्राचार्य
शासकीय नवीन विधि महाविद्यालय इन्दौर